न्यायाधीस पेजनं. 3 24.9.2025

हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज को चल वैजयंती पुरस्कार



प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर), प्रयागराज को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), इलाहाबाद द्वारा चल वैजयंती के तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोर कार्यालय की ओर से डॉ.संजय सिंह नेगी, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने दिनांक 23/09/2025 को आयकर कार्यालय में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में यह पुरस्कार ग्रहण किया।

टूंडला चिकित्सालय में लगाया गया रक्तदान शिविर

प्रयागराज। उपमंडलीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे टूंडला 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत में पुष्पांजलि हॉस्पिटल, आगरा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उपमंडलीय चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश कुमार व मण्डल चिकित्सा अधिकारी, डॉ. कौशिकी सिंह ने अपना रक्तदान करके 'रक्तदान शिविर' का शुभारंभ किया। अस्पताल के डॉक्टर, चीफ मैट्रन व कर्मचारियों नेसहित रेलवे के अँय कर्मचारियों ने भी रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया।

आज
प्रयागराज, बुधवार २४ सितम्बर, २०२५

पेज नं. 2

राजभाषा की प्रगतिके लिए नियमोंके अनुपालनके साथ करें साहित्यिक कार्योंका आयोजन-मोहन्ती

उत्तर मध्य रेलवेको मिला चल वैजयंतीका प्रथम पुरस्कार, आयकर विभागको द्वितीय और महाप्रबन्धक, केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संघटनको तृतीय पुरस्कार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-१), इलाहाबाद की ७८ वीं बैठक की अध्यक्षता मोना मोहन्ती, मुख्य आयकर आयुक्त, इलाहाबाद ने किया। उन्होंने कहा कि इस मंच पर विचार-विमर्श हमें राजभाषा की प्रगति के प्रति उत्साहित करता है। बैठक में लिये गये निर्णयों को विभिन्न कार्यालयों में लागू करने हेतु यह बैठक एक प्रेरणा का काम करती है। कहा कि सभी कार्यालयों में राजभाषा की प्रगति नियमानुरूप हो रही है। आज आवश्यकता है कि हम नियमों के अनुपालन के साथ ही कुछ साहित्यिक विधा से संबंधित कार्यों का भी आयोजन करें। इसके अतिरिक्त राजभाषा की प्रगति के लिए विशेष प्रयास करें तथा सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का विधिवत पालन भी सुनिश्चित करें। बैठक में हरी कृष्ण तिवारी, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास (कार्यालय-१), इलाहाबाद द्वारा समिति के सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा सदस्यों से राजभाषा द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप काररवाई का अनुरोध किया गया। बैठक में वर्ष २०२४-२५ के दौरान कार्यालयों में हुई राजभाषा की उल्लेखनीय प्रगति के लिए उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद को चल वैजयंती का प्रथम पुरस्कार, आयकर विभाग, इलाहाबाद को चल वैजयंती का द्वितीय पुरस्कार, महाप्रबंधक, केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज को चल बैजयंती का तृतीय पुरस्कार तथा महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी (प्रथम), इलाहाबाद को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोर कार्यालय की ओर से डाक्टर संजय सिंह नेगी, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने समिति की बैठक में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इसके साथ ही कार्यालयों में राजभाषा की प्रगति के लिए विविध कार्यक्रमों के आयोजन हेतु राजभाषा शील्ड पुरस्कार से रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन), इलाहाबाद, २४ उपस्कर डिपो, वायुसेना स्थल, मनौरी तथा केन्द्रीय माल एवं सेवाकर एवं उत्पाद शुल्क, इलाहाबाद के विभागाध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। अंत में सहायक निदेशक राजभाषा मकरध्वज मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



समय से पहले समय पर नजर
न्यायाधीश
प्रयागराज,रविवार, 28 सितम्बर 2025 3

कोर द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत प्रभात फेरी एवं वृक्षारोपण का आयोजन



प्रयागराज। भारत सरकार, रेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' 2025 (दिनांक 17/09/2025 से 02/10/2025) के अन्तर्गत दिनांक 27/09/2025 को प्रातः 7:00 बजे आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा नवाब युसुफ रोड स्थित मुख्यालय कार्यालय से सुभाष चौराहा, पत्थर गिरजाघर होते हुए बाल्मीकी चौराहा स्थित कोर के मैत्री क्लब तक मुख्य प्रसाशनिक अधिकारी श्री संजय सिंह नेगी, की अध्यक्षता में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें कोर में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया एवं मार्ग में आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। प्रभात फेरी के उपरान्त पर्यावरण को शुद्ध एवं संरक्षित रखने हेतु कोर के सभी अधिकारियों द्वारा मैत्री क्लब में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया उस दौरान कोर के सभी कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में अपना-अपना सहयोग देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान की कड़ी में कोर ने निकाली प्रभात फेरी, किया पौधरोपण

प्रयागराज। भारत सरकार, रेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा 2025 (17 सितम्बर से 02 अक्टूबर) के अन्तर्गत शनिवार को प्रात : 7 :00 बजे आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा नवाब युसुफ रोड स्थित मुख्यालय कार्यालय से सुभाष चौराहा, पत्थर गिरजाघर होते हुए बाल्मीकी चौराहा स्थित कोर के मैत्री क्लब तक मुख्य प्रसाशनिक अधिकारी संजय सिंह नेगी, की अध्यक्षता में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

प्रभात फेरी में कोर में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया एवं मार्ग में आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। प्रभात फेरी के उपरान्त पर्यावरण को शुद्ध एवं संरक्षित रखने हेतु कोर के सभी अधिकारियों द्वारा मैत्री क्लब मे बडे पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया ।

आज
प्रयागराज, रविवार २८ सितम्बर, २०२५
३

स्वच्छताके प्रति लोगोंको जागरूक करनेके लिए निकाली प्रभात फेरी, किया पौधारोपण



भारत सरकार, रेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' २०२५ के अन्तर्गत शनिवार को प्रातः सात बजे आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा नवाब युसुफ रोड स्थित मुख्यालय कार्यालय से सुभाष चौराहा, पत्थर गिरजाघर होते हुए बाल्मीकी चौराहा स्थित कोर के मैत्री क्लब तक मुख्य प्रसाशनिक अधिकारी संजय सिंह नेगी, की अध्यक्षता में प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में कोर में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया एवं मार्ग में आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। प्रभात फेरी के उपरान्त पर्यावरण को शुद्ध एवं संरक्षित रखने हेतु कोर के सभी अधिकारियों द्वारा मैत्री क्लब में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान कोर के सभी कर्मचारियों ने पौधारोपण में अपना-अपना सहयोग देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण कार्यालय में निरंतर बढ़ रहा है राजभाषा के प्रयोग प्रसार का कार्य

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी की अध्यक्षता में सोमवार को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि संगठन में धारा 3(3) का शत-प्रतिशत अनुपालन हो रहा है तथा मूल पत्राचार में अधिकांश काम हिंदी हो रहा है। लेकिन अभी मूल पत्राचार में हम लक्ष्य से थोड़ा पिछे हैं। जो विभाग अभी लक्ष्य से पीछे हैं उन्हे थोड़ा और मेहनत करने की आवश्यकता है। अतः मेरा सभी से आग्रह है कि निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश करें। उन्होने कहा कि कार्य क्षेत्र में होने के कारण हमें हिन्दी में काम करने में कोई कठिनाई नही होनी चाहिए। उन्होने यह भी बताया कि राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पक्ष कि अनदेखी नहीं की जानी चाहिए राजभाषा के लक्ष्य भी महत्वपूर्ण है। आशा है आप सब अपने



विभाग में राजभाषा नीति को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह ठीक तरह से करें।

उप मुख्य राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह ने अध्यक्ष (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ रहा है फिर भी निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु हमे लगातार प्रयत्नशील रहना होगा।कोर मुख्यालय के आरोही (प्रेक्षागृह) मे एक भव्य पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी ने फीता काट कर किया। पुस्तक मेला में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा हिंदी भाषा में प्रकाशित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य रूप से इस मेले में हिंदी साहित्य, कविता, कहानी, उपन्यास, आत्मकथा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी आदि विषयों पर पुस्तकें प्रदर्शित की गई। उक्त पुस्तक मेला में कोर कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी पंसद की पुस्तकों की खरीदारी की। बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष डी. के. सिन्हा मुख्य सिगनल एवं दूर इंजीनियर, उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर (कार्य) सहित सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) एवं अन्य सभी अधिकारी तथा राजभाषा का कार्य देख रहे कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव कल्याण सिंह ने किया।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं पुस्तक मेला का आयोजन



प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी की अध्यक्षता में सोमवार को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संगठन में धारा 3 (3) का शत-प्रतिशत अनुपालन हो रहा है तथा मूल पत्राचार में अधिकांश काम हिंदी हो रहा है। लेकिन अभी मूल पत्राचार में हम लक्ष्य से थोड़ा पिछे हैं। जो विभाग अभी लक्ष्य से पीछे हैं उन्हे थोड़ा और मेहनत करने की आवश्यकता है। अतः मेरा सभी से आग्रह है कि निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश करें। इस अवसर पर कोर मुख्यालय के आरोही (प्रेक्षागृह) में एक भव्य पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी ने फीता काट कर किया। पुस्तक मेला में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा हिंदी भाषा में प्रकाशित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य रूप से इस मेले में हिंदी साहित्य, कविता, कहानी, उपन्यास, आत्मकथा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी आदि विषयों पर पुस्तकें प्रदर्शित की गई। उक्त पुस्तक मेला में कोर कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी पसंद की पुस्तकों की खरीदारी की। बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष डी. के. सिन्हा मुख्य सिगनल एवं दूर इंजीनियर, उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर (कार्य) सहित सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) एवं अन्य सभी अधिकारी तथा राजभाषा का कार्य देख रहे कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव श्री कल्याण सिंह ने किया।

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण कार्यालय में निरंतर बढ़ रहा है राजभाषा के प्रयोग प्रसार का कार्य

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी की अध्यक्षता में सोमवार को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि संगठन में धारा 3 (3) का शत-प्रतिशत अनुपालन हो रहा है तथा मूल पत्राचार में अधिकांश काम हिंदी हो रहा है। लेकिन अभी मूल पत्राचार में हम लक्ष्य से थोड़ा पिछे हैं। जो विभाग अभी लक्ष्य से पीछे हैं उन्हे थोड़ा और मेहनत करने की आवश्यकता है। अत: मेरा सभी से आग्रह है कि निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश करें। उन्होने कहा कि कार्य क्षेत्र में होने के कारण हमें हिन्दी में काम करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होने यह भी बताया कि राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पक्ष कि अनदेखी नहीं की जानी चाहिए राजभाषा के लक्ष्य भी महत्वपूर्ण हैं। आशा है आप सब अपने



विभाग में राजभाषा नीति को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह ठीक तरह से करें।

उप मुख्य राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह ने अध्यक्ष (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ़ रहा है फिर भी निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु हमें लगातार प्रयत्नशील रहना होगा।कोर मुख्यालय के आरोही (प्रेक्षागृह) में एक भव्य पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी ने फीता काट कर किया। पुस्तक मेला में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा हिंदी भाषा में प्रकाशित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य रूप से इस मेले में हिंदी साहित्य, कविता, कहानी, उपन्यास, आत्मकथा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी आदि विषयों पर पुस्तकें प्रदर्शित की गई। उक्त पुस्तक मेला में कोर कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी पंसद की पुस्तकों की खरीदारी की। बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष डी. के. सिन्हा मुख्य सिगनल एवं दूर इंजीनियर, उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर (कार्य) सहित सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) एवं अन्य सभी अधिकारी तथा राजभाषा का कार्य देख रहे कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव कल्याण सिंह ने किया।